## ताजमहल पर पाकिस्तान के अटैक का फर्जी वीडियोः गुंबद से उठ रहीं आग की लपटें, एआई से एडिट कर पोस्ट किया, एफआईआर



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** आगरा के ताजमहल पर पाकिस्तान के अटैक का फर्जी वीडियो रविवार को इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया गया। इसमें ताजमहल के मुख्य गुंबद से आग की लपटें उठती हुई दिखाई दे रही हैं। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आग बुझाने में लगी हैं। लोग इधर उधर भाग रहे हैं। इसका पता चलते ही पुलिस की सोशल मीडिया सेल सक्रिय हो गई। जांच में पता चला कि वीडियो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से बनाया गया है। इसके बाद ताज सुरक्षा पुलिस ने केस दर्ज किया। पुलिस अब वीडियो अपलोड करने वाले की पहचान कर रही है।

**वीडियो की टैगलाइन में लिखा ताजमहल ऑन फायर**

पुलिस के मुताबिक, मोहम्मद साजिद नाम के युवक की इंस्टाग्राम आईडी से यह वीडियो शेयर किया गया। वीडियो की टैगलाइन में लिखा है ताजमहल ऑन फायर। पाकिस्तान ने किया हमला। डीसीपी बोलीं वीडियो पोस्ट करने वालों के खिलाफ एक्शन लेंगे डीसीपी सोनम कुमार का कहना है कि सोशल मीडिया पर यह भ्रामक वीडियो पाकिस्तान ने ताजमहल पर हमला किया लिखकर पोस्ट किया जा रहा है। आगरा पुलिस यह स्पष्ट करती है कि ऐसी कोई घटना नहीं हुई है। यह वीडियो फेक और भ्रामक है। जो यूजर्स इस पोस्ट को शेयर कर रहे हैं, उन पर कार्रवाई की जाएगी। कृपया इस तरह के पोस्ट को शेयर न करें।

## पुलिस के हत्थे चढ़े दो गांजा तस्कर : आठ किलो गांजा बरामद



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** थाना किरावली ने शनिवार देर रात्रि करीब 10:55 बजे एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया हैं। मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस, सर्विलांस और एसओजी की संयुक्त टीम ने महुअर के लेदर पार्क गेट के पास दो संदिग्धों को देखा। भागने की कोशिश कर रहे अभियुक्तों को पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया। तलाशी में उनके पास से तस्करी के लिए लाया गया आठ किलो गांजा बरामद हुआ। प्राप्त जानकारी के मुताबिक थाना किरावली पुलिस ने आठ किलो गांजा बरामद किया है। दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। आरोपी दिल?ली से गांजा लाकर यहां ऊंचे दामों पर बेचते थे। बता दें कि शनिवार रात पुलिस को जानकारी मिली कि हाईवे किनारे लेदर पार्क के प्रवेश द्वार के पास गांजा सप्लाई करने वाले दो युवक खड़े हुए हैं। पुलिस ने दोनों युवकों को धर दबोचा। उनके पास से आठ किलो गांजा बरामद हुआ। पकड़े गए युवकों ने बताया कि वे दिल्ली से सस्ते दामों पर गांजा खरीदते थे और किरावली अछनेरा के इलाकों में अच्छे दामों पर बेचते थे। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए तस्करों में (19) वर्षीय नशारत पुत्र सलामत और (20) वर्षीय शाकिर पुत्र शब्बीर दोनों निवासी नगर सीकरी चार हिस्सा थाना (फतेहपुर सीकरी) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वे गांजा दिल्ली से लाकर आगरा क्षेत्र में सप्लाई करते हैं। हालांकि, उन्होंने दिल्ली के डीलर का नाम व उसके बारे में जानकारी देने से इनकार कर दिया। प्राथमिक जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी शाकिर पर पहले भी आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। ओर उसके खिलाफ थाना फतेहपुर सीकरी में कई अपराधिक मामले दर्ज है।वही रविवार को थाना किरावली पुलिस ने पकड़े गए दोनों तस्करों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायिक के समक्ष पेश किया हैं। पुलिस टीम में थाना प्रभारी किरावरी केवल सिंह सर्विलांस टीम के प्रभारी उप निरीक्षक अनुज कुमार एसओजी टीम के प्रभारी उप निरीक्षक सचिन कुमार एसआई धर्मेन्द्र कुमार व कपिल कुमार व मोहित चौहान कांस्टेबल प्रेम चौधरी व प्रवेश कुमार मौजूद रहें।

## उत्तर प्रदेश बना वैश्विक बौद्ध पर्यटन का प्रमुख केंद्र, 2024 में 61 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे बुद्ध स्थलों पर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में निरंतर प्रगति करते हुए न केवल घरेलू, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। वर्ष 2024 में प्रदेश में कुल 65 करोड़ पर्यटक आए, जिनमें से 61,47,826 श्रद्धालु भगवान बुद्ध से जुड़े स्थलों पर पहुंचे। यह संख्या प्रदेश के बौद्ध स्थलों की लोकप्रियता और धार्मिक महत्व को दर्शाती है।पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इन बौद्ध स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं में 3,53,461 विदेशी और 57,94,365 भारतीय पर्यटक शामिल हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश, विशेष रूप से बौद्ध परिपथ (बौद्ध सर्किट), अब वैश्विक धार्मिक पर्यटन के मानचित्र पर एक सशक्त केंद्र के रूप में स्थापित हो चुका है। यह राज्य सरकार द्वारा बौद्ध स्थलों के विकास, संरक्षण और प्रचार-प्रसार के लिए किए गए योजनाबद्ध प्रयासों का प्रत्यक्ष परिणाम है।आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2024 में सबसे अधिक 24,74,460 श्रद्धालु कौशांबी पहुंचे। इसके बाद कुशीनगर में 22,42,913, सारनाथ में 11,80,157, श्रावस्ती में 1,27,222, कपिलवस्तु में 79,418 और संकिसा (फर्रुखाबाद) में 43,656 श्रद्धालु आए। इन स्थलों पर श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती उपस्थिति यह दर्शाती है कि भगवान बुद्ध से जुड़े ये स्थल धार्मिक आस्था के साथ-साथ सांस्कृतिक पर्यटन की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण हो गए हैं।मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज घरेलू पर्यटन में पहले स्थान पर है। विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए भी सरकार लगातार प्रयासरत है। चूंकि बौद्ध धर्म की जड़ें उत्तर प्रदेश में ही हैं और तथागत बुद्ध से जुड़े प्रमुख स्थल यहीं स्थित हैं, अतः यह प्रदेश बौद्ध अनुयायियों के लिए विशेष महत्व रखता है। उन्होंने यह भी बताया कि बुद्धिस्ट सर्किट इस अभियान में प्रभावशाली भूमिका निभा रहा है।उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने 2023 से 2025 के बीच बौद्ध पुनरुत्थान अभियान को नई गति देते हुए थाईलैंड, वियतनाम, मलेशिया, श्रीलंका, भूटान, जापान, लाओ पीडीआर, कंबोडिया, सिंगापुर और इंडोनेशिया जैसे बौद्ध बहुल देशों के टूर ऑपरेटरों, भिक्षुओं और मीडिया प्रतिनिधियों के लिए विशेष फैमिलियराइजेशन ट्रिप (फैम ट्रिप) का आयोजन किया। इन यात्राओं का उद्देश्य प्रदेश के बौद्ध स्थलों को उनके ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक स्वरूप में वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करना रहा।वर्ष 2022 की तुलना में बौद्ध स्थलों पर पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 2022 में जहां 48,498 विदेशी और 21,91,594 भारतीय श्रद्धालु आए थे, वहीं 2024 में यह आंकड़ा 61 लाख से अधिक तक पहुंच गया। यह न केवल पर्यटन विकास की ओर संकेत करता है, बल्कि यह भी प्रमाणित करता है कि उत्तर प्रदेश अब विश्वभर के बौद्ध अनुयायियों के लिए श्रद्धा, शांति और सांस्कृतिक समृद्धि का केंद्र बन चुका है।

## ट्रैक्टर का फटा टायरः पैदल चलते युवक की मौत

**हाथरस।** सिकंदराराऊ कस्बा में आज एक दुखद घटना में पंत चौराहे पर ईंट से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली का अचानक टायर फटने से एक युवक की मौत हो गई। घटना से मौके पर भारी हड़कंप मच गया और राहगीरों की भारी भीड़ जुट गई । वहीं सूचना पाकर मौके पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी एवं पुलिस बल पहुंच गया।बताया जाता है कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला गुलाबी निवासी 18 वर्षीय संदीप कस्बा में पत्थर टाइल्स की दुकान पर काम करता था। आज सुबह 9 बजे के करीब वह पैदल दुकान जा रहा था। इसी दौरान पंत चौराहे पर सामने से आ रहे ईंटो से लदे एक ट्रैक्टर ट्राली का टायर फट गया। टायर से निकली रिंग संदीप के सिर और चेहरे पर जा लगी, जिससे वह सड़क पर गिर पड़ा और उसकी मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। वहीं मृतक संदीप के परिजन भी वहां आ गए। शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाते समय पुलिस और परिजनों के बीच नोकझोंक भी हुई। बाद में पुलिस ने समझा-बुझाकर लोगों को शांत कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक संदीप के पिता किसान हैं। उसके परिवार में दो बहनें भी हैं।घटना से पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है। घटना के बाद चौराहे पर भीड़ जमा हो गई और कुछ देर के लिए जाम की स्थिति बन गई।

## भारत विकास परिषद में मातृ दिवस के साथ मनाया ऑपरेशन सिंदूर विजय दिवस



**हाथरस-।** मातृ दिवस के अवसर पर भारत विकास परिषद द्वारा परिषद् की सभी मातृ शक्तियों का सम्मान करने के साथ-साथ भारत माता के 22 अप्रैल को पहलगाम में शहीद हुए सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ प्रतिशोध के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर में भारत माता के वीर सपूतों की विजय का जश्न मनाया गया।

मातृ दिवस का कार्यक्रम सभी मातृशक्ति ने साथ में केक काटकर मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष अशोक वार्ष्णेय लहरा वाले, शाखा अध्यक्ष जय शर्मा, सचिव तरूण शर्मा, कोषाध्यक्ष रिचा खंडेलवाल, संयोजक महिला सहभागिता ज्योति सिंह, निवर्तमान अध्यक्ष तरुण अग्रवाल, डॉ.बीपी सिंह, राकेश मोहन वशिष्ठ, दिनेश सेकसरिया, ऋषि कुमार वार्ष्णेय, सुरेश अग्रवाल,प्रवीण खंडेलवाल आदि ने संयुक्त रूप से भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के छवि चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित और पुष्पार्पण कर किया। वंदे मातरम गायन के उपरांत सभी सदस्यों का पीत वस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया।इस अवसर पर मनोज अग्निहोत्री, गोपाल कृष्ण शर्मा, डॉ. प्रदीप रावत,डॉ. नितिन मिश्रा, डॉ. दिनेश माहेश्वरी, नवीन शर्मा, नरेश वर्मा, रवि वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, सुमित वार्ष्णेय (एस.आर. के.), बालप्रकाश वार्ष्णेय, संकल्प उपाध्याय, राहुल वार्ष्णेय, अमन बंसल,मनीष कौशल, विजय गुप्ता ऑटो पार्ट्स वाले, हिमांशु शर्मा, संगीता वार्ष्णेय, वर्षा वार्ष्णेय,प्रियंका शर्मा, सृष्टि शर्मा, सरिता माहेश्वरी, सरिता वार्ष्णेय, सारिका अग्रवाल, रति मिश्रा,नेहा शर्मा, याचना कौशल, श्रेया शर्मा, रमा वर्मा, राधा वर्मा, रेखा शर्मा, साक्षी बंसल आदि उपस्थित थे।

## ऑपरेशन जागृति के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ने महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

**हाथरस।** ऑपरेशन जागृति फेज-4 अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार द्वारा यूनिसेफ के प्रतिनिधियों के साथ थाना चंदपा क्षेत्रांतर्गत दीक्षित मैरिज होम में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिला एवं बालिकाओं व आमजन को ऑपरेशन जागृति के उद्देश्यों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई और अभियान का जन-जन तक प्रचार प्रसार करने की अपील की गई । इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर योगेन्द्र कृष्ण नारायण, प्रभारी निरीक्षक थाना चंदपा, प्रभारी निरीक्षक महिला शिकायत प्रकोष्ठ, यूनिसेफ के पदाधिकारी एवं आसपास के गांव से आये महिला, बालिकाएं व जनसामान्य उपस्थित रहे द्यअपर पुलिस अधीक्षक द्वारा यूनिसेफ के प्रतिनिधियों के माध्यम से जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर बताया गया कि नाबालिग उम्र में बालिकायें लव अफेयर, पलायन, लिव इन रिलेशनशिप जैसे मामलों में फँस जाती हैं और अपनी सहमति से भी बिना सोचे समझे घर से चली जाती है। साथ ही बदनामी के भय से एवं परिवार में आपसी संवादहीनता और अभिभावकों से डर के कारण बालिकाएं अपनी बात कह नहीं पाती है । इसके अतिरिक्त आज Technology के दुरुपयोग के चलते महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति साइबर बुलिंग के मामले भी सामने आ रहे है।

## मृतक का शव मिलने की झूठी खबर पर दौडी पुलिस



**हाथरस।** सासनी-रूदायन मार्ग पर स्थित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में एक व्यक्ति का शव पडा होने की सूचना जैसे ही पुलिस को मिली तो पुलिस हरकत में आई और घटनास्थल की जगह दौड लगा दी। मगर बाद में पता चला कि जमीन पर पडा हुआ व्यक्ति एक शराबी था। जो शराब के नशे में बेहोश पडा था। पुलिस ने शराबी से पूछताछ करने के बाद उसके परिजनों को सूचना देकर घर भिजवाया।

सोमवार को मिली जानकारी के अनुसार सासनी-रूदायन मार्ग स्थित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में एक शराबी आकर सो गया। जिसकी जानकारी चिकित्सालय में मौजूद चैकीदार गजेन्द्र पाल कुशवाहा को हुई तो उसने समझा यह कोई व्यक्ति मर गया है। चैकीदार ने शराबी की जांच न करते हुए सीधे पुलिस को फोन घुमा दिया कि यहां किसी व्यक्ति का शव पडा है। चूंकि सूचना राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के चैकीदार की थी, इसलिए पुलिस ने इसे गंभीरता से लिया क्राईम इंस्पैक्टर अवधेश कुमार एवं कस्बा इंचार्ज यतेन्द्र यादव मय फोर्स के सीधे राजकीय आयुर्वेदिक चिक्तिालय पहुंचे जहां पुलिस को देखकर शराबी का नशा काफूर हो गया, और वह बैठ गया। तब पुलिस ने शराबी से नाम पता पूछकर उसके परिजनों को सूचित किया परिजन शराबी को घर ले गये। शराबी ने पुलिस को बताया कि वह राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के सफाई कर्मचारी का रिश्तेदार है इसलिए वह यहां आ गया था। वहीं पुलिस ने चैकीदार को इस प्रकार की भ्रामक सूचना न देने की हिदायत दी।

## बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर पूर्व अध्यक्ष पंडित आशीष शर्मा ने पंच तीर्थ बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किए




**हाथरस।** भगवान बुद्ध के परिनिर्वाण दिवस बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर नगर पालिका परिषद हाथरस के पूर्व अध्यक्ष पंडित आशीष शर्मा ने स्थानीय ओढपुरा स्थित पंच तीर्थ बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किए ! इस अवसर पर पूर्व पालिका अध्यक्ष पंडित आशीष शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कहा कि भगवान बुद्ध का जन्म शाक्य गणराज्य की तत्कालीन राजधानी कपिलवस्तु के निकट लुंबिनी में हुआ था जो नेपाल में स्थित है ! गौतम गोत्र में जन्म लेने के कारण वे गौतम भी कहलाए ! इनका बचपन का नाम सिद्धार्थ था, अर्थात वह जो सिद्धि प्राप्त के लिए जन्मा हो ! जन्म समारोह के दौरान साधु दृष्टा आसित ने अपने पहाड़ के निवास से घोषणा की कि बच्चा या तो एक महान राजा या एक महान पवित्र पथ प्रदर्शक बनेगा ! कार्यक्रम में आयोजक मंडल द्वारा प्रसादी का भी आयोजन किया गया ! कार्यक्रम को सफल बनाने में सुनहरी लाल, प्रभु दयाल, सुल्तान सिंह, नौबत सिंह, विजय बिजली वाले, विशाल दिक्षित,जेपी पंडित, श्यामबाबू, डॉ मुकेश, गया प्रसाद, स्वामी दास, भूरी सिंह, उदय राम, रामदास आदि का सराहनीय योगदान रहा !

## रोड एक्सीडेंट का वीडियो : सड़क पार कर रही महिला को ऑटो ने मारी टक्कर, अस्पताल में भर्ती



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** जनपद के फतेहाबाद कस्बे में एक सड़क हादसे का मामला सामने आया है। सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई घटना में एक महिला को ऑटो ने टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो पलट गया। घटना में 35 वर्षीय साक्षी भदौरिया घायल हो गईं। वह फतेहाबाद कस्बे की रहने वाली हैं। साक्षी सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए निकली थीं। इसी दौरान सड़क पार करते समय एक ऑटो ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो पलट गया। हादसे में साक्षी को गंभीर चोटें आईं। घायल महिला को तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घायल महिला के पति बबलू भदोरिया ने बताया कि सुबह तकरीबन 6:00 बजे उसकी पत्नी साक्षी पड़ोस की महिला के साथ मॉर्निंग वॉक पर गई थी। ऑटो से हुए हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हुई है। पत्नी का आगरा के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। इंस्पेक्टर फतेहाबाद देवी प्रसाद तिवारी ने बताया कि सड़क हादसे की कोई भी सूचना थाना फतेहाबाद पर नहीं दी गई है। शिकायत आने पर मुकदमा दर्ज से कानूनी कारवाई की जाएगी।

## विनायक इंटरनेशनल स्कूल में कराटे बेल्ट परीक्षा का हुआ सफल आयोजन

**हाथरस।** विनायक इंटरनेशनल स्कूल में कराटे बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसका संचालन वर्ल्ड बुडो सोटोरियो कराटे फेडरेशन इंडिया के तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर कराटे संघ के अध्यक्ष एवं मुख्य प्रशिक्षक सिहान एम. एस. सामुराई तथा परीक्षक हेमेश डेविड भी विशेष रूप से उपस्थित थे।परीक्षा के दौरान सभी प्रतिभागियों को पाँच प्रकार की ब्लॉकिंग तकनीक, आत्मरक्षा के विशेष गुर तथा प्रतियोगिताओं में अंक अर्जित करने की तकनीकें विस्तार पूर्वक सिखाई गईं। खिलाड़ियों में आत्मविश्वास और अनुशासन को बढ़ावा देने हेतु प्रायोगिक प्रदर्शन भी कराया गया। कराटे संघ के अध्यक्ष सिहान एम. एस. सामुराई, परीक्षक हेमेश डेविड, कोच सेंसई सलमान एवं विद्यालय की एडमिनिस्ट्रेटर करीना सिंघल द्वारा विजयी खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र एवं बेल्ट पहनाकर सम्मानित किया गया।विद्यालय के चेयरमैन केके चौधरी,कृष्ण कुमार हिंडोल, हरेंद्र चौधरी, सुमित सक्सेना ,एडमिनिस्ट्रेटर करीना सिंघल एवं समस्त विद्यालय परिवार की ओर से सभी सफल खिलाड़ियों को बधाई एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।



## बुद्ध पूर्णिमा पर किया शरबत का वितरण

**हाथरस।** आज बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर शहर के नवल नगर अलीगढ़ रोड़ स्थित बाबा बटुकनाथ भैरो मंदिर पर सभी के सहयोग से ठंडा शरबत वितरित किया गया।भीषण गर्मी के चलते ठंडे शरबत का आनंद तमाम भक्तों ने लिया। शरवत वितरण के दौरान गर्मी से इंसान ही नहीं जानवर भी व्याकुल दिखे और एक बंदर भी आराम से बैठकर शरबत पीता हुआ दिखाई दिया।शरबत वितरण कार्यक्रम में शशांक पचौरी एड,पूर्व सभासद निशांत उपाध्याय,पूर्व सभासद सुनील चौबे,वर्तमान सभासद पति पवन दिवाकर,कमल शर्मा,दिलीप वर्मा,अनिल शर्मा,जगदीश आदि जन मौजूद थे।



## सोखना में युवक का शव पड़ा मिलने सनसनी

**हाथरस।** थाना हाथरस गेट क्षेत्र के गांव सोखना में एक युवक का शव पड़ा मिला है। मृतक की पहचान कस्बा मेडूं के मोहल्ला अहीरान निवासी 30 वर्षीय अरविंद पुत्र प्रेम के रूप में हुई है।। बताया जाता है अरविंद कल शाम से अपने घर से लापता था। उसका शव हाईटेंशन विद्युत लाइन के पोल के पास शव झुलसा हुआ पड़ा मिला है। प्रारंभिक जांच में माना जा रहा है कि विद्युत पोल पर चढ़ते समय हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से अरविंद की मौत हुई होगी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजन भी पोस्टमार्टम गृह पहुंच गए हैं।परिवार के लोगों का कहना है कि अरविंद कल अपने घर से यह कह कर गया था कि वह अपनी पत्नी को बुलाने जा रहा है लेकिन इसके बाद वापस नहीं लौटा। इधर, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़: दो के पैर में लगी गोली, ठकठक गैंग के सदस्य, मोबाइल चोरी में थे वांछित

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** पुलिस की रविवार रात को चेकिंग के दौरान तीन बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। बदमाश पुलिस के रोकने पर भागने के प्रयास कर रहे थे। दो के पैर में गोली लगी है। तीनों ठक ठक गैंग के सदस्य है। मोबाइल चोरी की वारदातों को अंजाम देते हैं। एसीपी हरीपर्वत विनायक भौसले ने बताया कि हरीपर्वत पुलिस टीम द्वारा बैरियर लगाकर संदिग्ध व्यक्ति।/वाहन चेकिंग की जा रही थी। तभी एक गाड़ी में तीन संदिग्ध लोग दिखे। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। तीनों भागने लगे। पुलिस पर भी फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा जवाबी कार्रवाई में दो अभियुक्तों जावेद व दानिश के पैर में गोली लगी। घायलों के साथी सादिक को भी पकड़ा गया। मुठभेड़ में घायल हुए आरोपियों को पुलिस टीम द्वारा उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। तीनों अभियुक्त ठक ठक गैंग के सदस्य है जो मोबाइल चोरी की वारदातों को अंजाम देने की घटना में वांछित है।

## पुलिस भर्ती के नाम पर ठगी करने वाला आरोपी पकड़ा : पुलिस अधिकारियों को दोस्त बताकर दिखाता था रौब, मलपुरा थाने में दर्ज हुई थी एफआईआर

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** आगरा में अपने आप को एक समाचार पत्र का संपादक बताकर धोखाधड़ी करने वाले युवक के खिलाफ मलपुरा थाने में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़ा है। इसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। बता दें कि आरोपी ने पुलिस अधिकारियों को अपना दोस्त बताकर ठेकेदार को बातों में फंसाकर दो कार किराए पर ले ली। ठेकेदार के परिचित की पुलिस में नौकरी लगवाने का झांसा देकर 25 लाख रुपए नकद ले लिए थे। तकादा करने पर कार्यालय बुलाकर मारपीट की थी। पुलिस आयुक्त के आदेश पर मलपुरा थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। धनौली, मलपुरा के आशीष पाराशर की तहरीर पर मलपुरा थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। पीड़ित ने बताया था कि ताजगंज के कहरई मोड़, रश्मि विहार निवासी हिमेश वित्थरिया खुद को एक समाचार पत्र का संपादक बताता है। पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों से दोस्ती और उनके बीच अपनी पैठ बताता था। अपना प्रभाव दिखाकर आरोपी ने अपनी बातों में फंसाया। आशीष का सरकारी विभागों में गाड़ियां लगाने का काम है। हिमेश ने उनसे कहाकि अधिकारियों के साथ उठना बैठना है, एक अच्छी गाड़ी दे दो उसका किराया देता रहूंगा। उसकी बातों में आकर बुलेरो गाड़ी दे दी। कुछ समय तक किराया देता रहा। इसके बाद अधिकारियों के साथ बैठक का हवाला देकर 1.56 लाख का मोबाइल ले लिया। रकम थोड़ी थोड़ी कर लौटाने का वादा किया। इसके बाद उसने स्कार्पियो कार भी ले ली।

### पुलिस भर्ती के नाम पर 25 लाख ठगे

इसके बाद आरोपी हिमेश ने उससे कहाकि पुलिस में भर्ती होने वाली है, किसी की नौकरी लगवानी हो तो बताओ। पीड़ित ने अपने एक परिचित के बेटे की नौकरी लगवाने के लिए बात की।

हिमेश ने बहाने से 25 लाख रुपए ले लिए। इसके बाद आरोपी काफी समय तक झांसा देता रहा। जब उनके ऊपर दबाव बना तो हिमेश से तकादा किया। आरोपी ने आठ जनवरी, 2025 को अपने नेहरू एंक्लेव स्थित कार्यालय बुलाया। वहां आरोपित ने उनके ऊपर रिवाल्वर तान कर धमकाया। रुपए मांगने पर मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। उसके बाडीगार्ड बंदूक धारी गजेंद्र और चालक रंजीत ने उन्हें पकड़ कर मारपीट की। उनके साथ आए साथियों ने उन्हें बचाया।

### वीडियो हुआ वायरल

एफआईआर दर्ज होने के करीब 28 दिन पुलिस ने आरोपी को पकड़ा है। बताया गया है कि आरोपी पुलिस को लगातार गुमराह कर रहा था। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि पुलिस आरोपी को पकड़े हुए है। उसे गाड़ी में बैठाने का प्रयास कर रही है। मलपुरा थाना प्रभारी पवन सैनी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। पुलिस टीम ने पकड़ा है। थाने पर आने के बाद पूछताछ की जाएगी।


### पूर्व में भी कर चुका है ठगी

आरोपी पूर्व में भी एक भाजपा नेता से इसी तरह ठगी के विवादों में फंस चुका है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस आयुक्त जे. रविन्दर गौड ने थाना मलपुरा को जांच के आदेश दिए। जांच के बाद हिमेश वित्थरिया, उसके बाडी गार्ड गजेंद्र और चालक रंजीत पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

### अधिकारी नेताओं के साथ फोटो दिखाकर प्रभाव में लेता

पीड़ित ने बताया कि आरोपी अपने साथ प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड लेकर चलता है। नेताओं और अधिकारियों के साथ फोटो खिंचवाकर सोशल मीडिया पर डालता है। इन्हें दिखाकर लोगों को अपने प्रभाव लेता है। पुलिस अगर जांच करें तो और भी पीड़ित सामने आएंगे।

## गौ तस्करी का आरोपी अरेस्ट : टेंपो में लाद कर ले जा रहे थे गोवंश, हिंदू संगठन से जुड़े लोगों ने पकड़ा, चौराहे पर हंगामा





सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** आगरा के क़स्बा शमशाबाद में गांधी चौराहे पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गोवंश तस्करी का प्रयास नाकाम कर दिया। कार्यकर्ताओं को रविवार को सूचना मिली कि एक टेंपो इरादत नगर रोड से गोवंशों को तस्करी के लिए ले जा रहा है। बजरंग दल की टीम ने टेंपो को गांधी चौराहे पर रोक लिया। टेंपो में तीन गोवंश मिले। पूछताछ के दौरान टेंपो चालक और उसका एक साथी मौके से फरार हो गए। सूचना पर थाना शमशाबाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गौ तस्करी के विरोध में चौराहे पर जमकर नारेबाजी की। पुलिस ने विहिप कार्यकर्ता वीरेश रघुवंशी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर शमशाबाद हंसराज भदोरिया ने बताया कि गौ- तस्करी करने वाला टेंपो चालक और उसका साथी फरार हो गया था, पुलिस ने टीम बनाकर कुछ ही घंटे में टेंपो चालक इसरार पुत्र निजामुद्दीन निवासी थाना खंदौली को गिरफ्तार किया है, साथ ही दूसरा अभी फरार है। जिसके लिए पुलिस टीम दबिश दे रही है। बरामद गोवंशों को गौशाला भेज दिया गया है। मौके पर बजरंग दल के वीरेश रघुवंशी, डिम्पी बजरंगी, धीरज धाकरे, मोनू सिंह, छोटू सिकरवार, सोमवीर सिंह, छोटू रघुवंशी, अजय पाल सिंह और सत्यभान सिंह समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## नाबालिग से दुष्कर्म : शादी का झांसा देकर होटल ले गया था युवक, पुलिस ने किया गिरफ्तार

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** आगरा के थाना मलपुरा क्षेत्र में एक युवक ने 17 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म किया। आरोपी अजय को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।घटना शनिवार दोपहर की है। किशोरी की मुलाकात एक शादी समारोह में युवक से हुई थी। युवक उसके घर से लगभग 4 किलोमीटर दूर रहता है। आरोपी ने शादी का झांसा देकर किशोरी को अर्जुन नगर स्थित एक होटल में ले गया। वहां एक कमरे में उसने किशोरी से दुष्कर्म किया। पीड़िता की हालत बिगड़ने पर आरोपी उसे होटल से बाहर ले गया। फिर रास्ते में छोड़कर फरार हो गया। किशोरी ने अपनी बड़ी बहन को घटना की जानकारी दी। बहन उसे घर ले गई। इसके बाद पिता के साथ थाना मलपुरा पहुंची। थाना मलपुरा प्रभारी इंस्पेक्टर पवन कुमार सैनी के अनुसार, पीड़िता के पिता की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। रविवार शाम को (21) वर्षीय आरोपी अजय पुत्र मान सिंह निवासी सुमन बिहार, धनौली, थाना मलपुरा को गिरफ्तार कर लिया गया।



## गुंडागर्दी : दबंग ने युवक को घर बुलाकर मारी गोली, हाथ उड़ा, हालत गंभीर



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** जनपद के थाना किरावली के कस्बे के हाइवे स्थित सर्विस रोड पर रविवार की रात एक दबंग ने एक युवक को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। आरोपी ने पहले युवक को अपने घर बुलाया, वहां उसे धमकाया और फिर उस पर फायर कर दिया। इस घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। पीड़ित (30) वर्षीय मोनू पालीवाल पुत्र श्याम पालीवाल जो वीरेंद्र चाहर की दुकान में किरायेदार के तौर पर काम करता है, रविवार रात करीब 9-30 बजे अपनी दुकान बंद कर घर जाने की तैयारी कर रहा था। तभी दुकान मालिक वीरेंद्र चाहर का बेटा ज्ञानेंद्र उर्फ ज्ञानू चाहर उसे गाली देते हुए अपने घर के अंदर बुला ले गया। मोनू के भाई राहुल पालीवाल के मुताबिक, ज्ञानू उसे घर की छत पर बने एक कमरे में ले गया, जहां उसने मोनू को जमकर गालियां दीं और जान से मारने की धमकियां भी दीं। जब मोनू ने इसका विरोध किया, तो ज्ञानू गुस्से में आपा खो बैठा और घर में रखी अपनी दुनाली बंदूक निकाल कर उस पर गोली चला दी। अपनी जान बचाने के लिए मोनू ने तुरंत अपना हाथ आगे किया, जिससे गोली उसके हाथ में लगी और उसका हाथ बुरी तरह जख्मी हो गया। गोली के छर्रे मोनू के शरीर के अन्य हिस्सों में भी लगे हैं। आनन-फानन में परिजन उसे स्थानीय डॉक्टर के पास ले गए, जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे तुरंत जयपुर रेफर कर दिया गया। फिलहाल जयपुर में उसका इलाज चल रहा है और उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। गोली मारने के बाद आरोपी ज्ञानू मौके से फरार हो गया। पीड़ित के भाई राहुल पालीवाल की शिकायत पर थाना किरावली में ज्ञानू चाहर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। थाना प्रभारी किरावली केवल सिंह ने बताया कि पुलिस आरोपी की तलाश में छापेमारी कर रही है और उसे जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## ब्रज के प्राचीन वनों को पुनर्जीवित करने की योगी सरकार ने बनाई योजना

- 90 करोड़ रुपये की लागत से ब्रज के 36 प्राचीन वनों को किया जाएगा पुनर्जीवित
- मथुरा- वृंदावन में 487 हेक्टेयर क्षेत्र में फैले वनों में तीन चरणों में होगा पौधरोपण
- देशी वनस्पति प्रजातियों को लगाकर वनों को किया जाएगा पुनर्जीवित

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा/मथुरा।** योगी सरकार ब्रज का द्वापर कालीन वैभव को लौटाने में जुटी हुई है। इसके लिए सरकार ने ब्रज के प्राचीन वनों को पुनर्जीवित करने की योजना बनाई है। सीएम योगी के निर्देश पर उ.प्र. ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने मथुरा-वृंदावन के 487 हेक्टेयर क्षेत्र में फैले 36 प्राचीन वनों को पुनर्जीवित करने के लिए एक पारिस्थितिकी-पुनर्स्थापना परियोजना शुरू की है। यह कार्य तीन चरणों में 90 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। इसके द्वारा वनों की मूल स्थिति में वापस लौटेगी, साथ ब्रज के पर्यावरण में व्यापक सुधार होगा। ब्रज की पहचान, यहां के प्राचीन वनों से है। अब इन वनों को पुनर्जीवित करने के लिए कवायद शुरू कर दी गई है। उ.प्र. ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा मथुरा- वृंदावन के 36 प्राचीन वनों को पुनर्जीवित करने के लिए एक पारिस्थितिकी- पुनर्स्थापना परियोजना शुरू की है। 487 हेक्टेयर क्षेत्र में फैले 36 वनों में 90 करोड़ रुपये की लागत से तीन चरणों में पौधरोपण किया जाएगा। यह कार्य तीन सालों में पूरा होगा। पहले चरण में 150 हेक्टेयर, दूसरे चरण में 175 हेक्टेयर और अंतिम चरण में 162 हेक्टेयर क्षेत्र में पौधरोपण किया जाएगा। इसमें देशी वनस्पति प्रजातियों को लगाकर वनों को पुनर्जीवित किया जाएगा। इसमें कृष्ण कदंब, तमाल, बरगद (फिकस बेंगालेंसिस), पाकड़ (फिकस विरेंस), पीपल, पीलू, मौलश्री, खिरनी एएएम, बेल, आंवला, बहेड़ा, अर्जुन और पलास समेत अन्य प्रजातियां शामिल हैं।

वन संरक्षक अनिल कुमार पटेल ने बताया कि ब्रज के वन- वैभव के आधार वे वृक्ष हैं, जो वहाँ विविध जातियों और नाना प्रकार के मिलते हैं। इनमें अकोल, अगस्त, अनार, अमरूद, अमलतास, अरनी, अरुआ, अशोक, आम, आंवला, इमली इन्द्रजो, कचनार, कटहल, कटियारी, कटैया, कदंब, कनेर, कमरख, करील, केला कैत, खजूर, खिरनी, गूलर, गोंदी, छोंकर, जामुन, झाऊ, ढ़ाक, तमाल, धौ, नारंगी, नीबू, नीम, नीम चमेली (विलायती बकायन), पपीता, पसेंदू, पापड़ी, पारस, पीपल, पिलखन, पीलू, फरास, फालसेब, बकायन, बड़, बबूल, बरना, बहेड़ा, बेर, बेल, बायबिड़ंग, महुआ, मौल श्री, रीठा, रेमजा, लबेडा, लिसोड़ा, सहतूत, श्री फल, सहजना, सहोड़, सिरस, सीशम, सेंगर, हिंगोट और हींस। ये सब ब्रज के नैसर्गिक सौंदर्य की वृद्धि करने के साथ ही साथ अपने विविध उपयोगों द्वारा इसकी भौतिक समृद्धि में भी सहायक हैं। इसके साथ ही ब्रज के कुछ वृक्षों का धार्मिक महत्व माना गया है। ऐसे वृक्षों में आमलक (आंवला) निन्यग्रोध (बड़) अश्वत्थ (पीपल) शमी (छोंकर) और तमाल के नाम उल्लेखनीय हैं। ब्रज में विविध अवसरों पर इन वृक्षों की पूजा होती है। बड़ अर्थात बट वृक्ष अत्यंत विशाल और दीर्घायु का होता है। ब्रज में कई स्थानों पर दो- दो, तीन- तीन सौ वर्षों के पुराने बट वृक्ष मिलते हैं। ब्रज में कई बट वृक्षों की परम्परागत प्रसिद्धि भी रही है। उन्होंने बताया कि परियोजना के अंतर्गत ब्रज (मथुरा-वृंदावन) में वृंदावन (सुनरख), मथुरा (अहिल्यागंज), (धौरेरा), कराह वन (बरोठ बादर), फरह (अप्सरा वन), वृषभानुपुर (पीरपुर), शेरनगर (प्रेम वन), बराल (मयूर वन), रूपनगर (नंद प्राच्छन), अगरवाना (कृष्ण छीपन वन), नंदगांव (नंदगांव), कामर (बिहार वन), चटेन कलां (कोकिलावन), कोटवन (कोटवन), आजहाई (सुरभि वन), अजनौठी (शिक्षा वन), बनेड़ा (नारद बन), भदीश्वर (ललिता ग्राम), गाजीपुर (संकेत वन), कुरकंडा (गंधर्व), कोयला अलीपुर (ब्रह्म वन), जतीपुरा (विच्युवन), मकीतरा (चंद्रावनी यन), राधाकुंड (राधाकुंड), गोवर्धन गोरवा (गोवर्धन), मांट (भंडीर वन), मुबारकपुर (महावन), गोकुल (गोकुल), बरसाना (पदर वन), बड़हरा (बछवन माही), कमई (करहला व कमई), अजनोख (अजनोख), तारमी (तालवन), ऊंचागांव (कुमुदवन), सिहोरा (लोहवन), खेड़िया (खिदरबन) आदि वन शामिल हैं। सुनरख वन में पौधरोपण कर परियोजना का शुरुआत कर दी गई है।

## अछनेरा में चोरों का आतंक : नहर किनारे खेतों से चार पंप इंजन चोरी

### पूर्व में भी हो चुकी हैं किसानों के ट्यूबवेल से बिजली केबल और ट्रांसफार्मर की कॉपर कॉइल चोरी, पुलिस आज तक खाली हाथ


सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** अछनेरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत किसानों के ट्यूबवेल और सिंचाई उपकरणों की चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताज़ा मामला अरदाया नहर किनारे का है, जहां रविवार की मध्यरात्रि को अज्ञात चोरों ने किसानों के खेतों से सिंचाई के लिए लगाए गए चार वाटर पंप इंजन (ट्रॉली) चुरा लिए। सोमवार सुबह जब किसान रोज़ की तरह खेतों पर पहुंचे, तो पंप इंजन गायब देखकर उनके होश उड़ गए।घटना की सूचना 112 पीआरबी तत्काल पुलिस को दी गई, जिस पर 112 पुलिस मौके पर पहुंची अछनेरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव अरदाया निवासी किसान बृज मोहन शर्मा ने बताया कि खेत की सिंचाई करने के लिए उन्होंने अपने खेत पर पंप सहित ट्रॉली रखी थीं सोमवार सुबह करीब सात बजे उन्होंने खेत पर जाकर देखा को ट्रॉली गायब मिली साथ ही किसान पुष्कर सिंह मोनू शर्मा और रमेश फौजी की ट्रॉली गायब थी जिसकी सूचना उन्होंने 112 पुलिस को दी सूचना पर 112 पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मौका मुआवजा किया थाना पुलिस का कहना हैं कि किसान की तहरीर प्राप्त हो गई हैं मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी वही ग्रामीणों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी नारीपुरा गांव समेत क्षेत्र के कई इलाकों में समरसेबल पंप, विद्युत केबल और ट्रांसफार्मर की कॉपर कॉइल चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। इन सभी मामलों में पुलिस अब तक किसी भी चोर को गिरफ्तार नहीं कर सकी है, जिससे क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। किसानों का कहना है कि ट्रॉली जैसे भारी उपकरणों का खुलेआम चोरी हो जाना इस बात का संकेत है कि चोर बेखौफ हैं और पुलिस की भूमिका केवल औपचारिक बनकर रह गई है।महंगाई के इस दौर में पंप इंजन दोबारा लगवाना आसान नहीं है। किसानों में यह डर घर कर गया है कि यदि वे नया इंजन लगाते हैं, तो वह भी जल्द ही चोरी हो जाएगा।

## एफआईआर न होने पर थाने में धरने पर बैठे अधिवक्ता: कोर्ट के आदेश के बाद भी 14 दिन से काट रहे थे चक्कर, मुंशी पर लगाया अभद्रता का आरोप

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** जनपद के थाना जगदीशपुरा में एक अधिवक्ता धरने पर बैठ गए। उनका आरोप था कि कोर्ट के आदेश के बाद भी उनकी एफआईआर दर्ज नहीं की जा रही है। थाने के मुंशी ने उनसे अभद्रता की। उनके धरने पर बैठने के बाद उनकी एफआईआर दर्ज की गई।

### 14 दिन से जगदीशपुरा थाने का चक्कर लगा रहा

अधिवक्ता विवेक शर्मा ने बताया कि वो सिविल कोर्ट में प्रैक्टिस करते हैं। उन्होने कोर्ट से एफआईआर का एक आदेश 29 अप्रैल को कराया था। कोर्ट के आदेश को लेकर वो थाने में एफआईआर दर्ज कराने को लेकर चक्कर काट रहे थे। पिछले 14 दिन से जगदीशपुरा थाने से चक्कर काट रहा हूं।

### मुंशी ने की अभद्रता

12 मई को वो एफआईआर दर्ज करने को लेकर थाने गए थे। वहां पर बैठे मुंशी ने उनसे अभद्रता की। उनका कहना था कि कोई एफआईआर ही नहीं बनती। अगर ज्यादा हुआ तो एक ही धारा में एफआईआर दर्ज की जाएगी। जब उनसे कहा कि आपको धारा घटाने बढ़ाने का अधिकार नहीं है, ये काम विवेचक का है। इस पर वो अभद्रता करने लगे। एफआईआर दर्ज न होने पर अधिवक्ता थाने में ही धरने पर बैठ गए। उनका कहना था कि मुख्यमंत्री कहते हैं कि थाने में आने वाले लोगों के साथ सौम्य व्यवहार हो, लेकिन आगरा का माडल थाना जगदीशपुरा में इसके उलट व्यवहार हो रहा है। उनके धरने पर बैठने और वीडियो वायरल होने के बाद थाना प्रभारी जगदीशपुरा ने एफआईआर दर्ज करवाई।

### इनके खिलाफ हुआ है मुकदमा दर्ज


अधिवक्ता विवेक शर्मा ने बताया कि विक्टोरिया इंटर कालेज के फर्जी व कूटरचित दस्तावेज तैयार करने के आरोप में कोर्ट के आदेश पर मनोज शर्मा, सौरभ प्रकाश शर्मा, गौरव कुमार, शलभ शर्मा, डा. सत्यप्रकाश शर्मा, अरुण शर्मा, अशोक कुमार शर्मा व अन्य के खिलाफ कई धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है।

## जगनेर पुलिस का कारनामा : चोरी के 28 दिन बाद दर्ज हुआ मुकदमा, दो अभियुक्त गिरफ्तार



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** थाना जगनेर पुलिस की कार्यशैली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। जगनेर कस्बे के निवासी कांताप्रकाश मित्तल के सुरेश चन्द चौधरी धर्मशाला (विधौली मार्ग) के गेट के अंदर से 13/14 अप्रैल की रात अज्ञात चोरों ने जनरेटर चोरी कर लिया। पीड़ित ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी, लेकिन जगनेर पुलिस ने घटना के पूरे 28 दिन बाद चोरी का मुकदमा दर्ज किया।हालांकि, पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मुखबिर खास की सूचना पर सोमवार को सरेंधी चौराहे से दो अभियुक्तों ङ्क हरीमोहन पुत्र शिवकुमार (निवासी गढ़ी तांतपुर, थाना बसई जगनेर) और राहुल पुत्र स्व. शिवराम (निवासी विधौली, थाना जगनेर) को चोरी हुए जनरेटर और चोरी में इस्तेमाल की गई मैक्स पिकअप के साथ गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में जो सबसे चौंकाने वाली बात सामने आई है, वह यह है कि जगनेर पुलिस ने पीड़ित द्वारा 14 अप्रैल को ही तहरीर दिए जाने के बावजूद मुकदमा पूरे 28 दिन बाद दर्ज किया। सूत्रों के अनुसार, 14 अप्रैल को पीड़ित द्वारा थाने में दी गई मूल तहरीर जगनेर पुलिस से कहीं खो गई थी, जिसके चलते घटना के खुलासे से ठीक एक दिन पहले दूसरी तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस की इस लापरवाहीपूर्ण कार्यशैली से पीड़ित को न्याय मिलने में अनावश्यक देरी हुई।



## बुद्ध पूर्णिमा पर भगवान बुद्ध की निकाली प्रभातफेरी

सांध्य पहल संवाददाता

**फिरोजाबाद।** टूंडला में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर नगर में भगवान बुद्ध की प्रभातफेरी बड़े धूमधाम के साथ निकाली गई। जिसमें सैकड़ो की संख्या में बौद्ध अनुयायियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ डा. अमर ज्योति द्वारा बुद्ध वन्दना कर किया। इस दौरान नगला राधेलाल अम्बेडकर पार्क से भगवान बुद्ध की प्रभातफेरी शुरू हुई जो सब्जी मंडी, भारत माता चौक, जीजीआईसी कालेज, डा. घोष कोठी, रामलीला ग्राउंड, थाना कोतवाली, बलदेव रोड, दीपा चौराहा, रेलवे कम्पनी बाग, रेलवे अंडरब्रिज होते हुए नगलारति बौद्ध बिहार पहुंची जहां प्रभातफेरी का समापन हुआ। इस दौरान प्रभातफेरी का जगह जगह स्वागत किया गया। इस मौके पर बसपा जिलाध्यक्ष देवलाल बौद्ध, एमपी सिंह बौद्ध, सुनीता बौद्ध, अवधेश राना, बीएस गौतम, सुधांशू मित्रा, गौरव कुमार, शशिकांत पुष्कर, सुभाष बौद्ध, मुन्नी बौद्ध, नीरज बौद्ध, नेमीचन्द्र, शहजाद खान, श्रीपाल बौद्ध, सत्य प्रकाश, रामप्रकाश, नीटू कुमार, विंकल कुमारी, डिम्पल देवी, सुनील कुमार आदि के अलावा बड़ी संख्या में बौद्ध अनुयायी मौजूद रहे।



# माँ से बढ़कर दुनियां में कोई नहीं : मुक्ता सोनी

## मदर्स-डे पर बुन्देलखण्ड महिला विकास सेवा समिति ने किया मां का सम्मान




**ललितपुर।** बुन्देलखण्ड महिला विकास सेवा समिति के तत्वाधान में स्टेशन रोड स्थित होटल द-ग्राण्ड सिद्धि में मातृत्व दिवस (मदर्स-डे) का आयोजन सम्पन्न हुआ। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत तालबेहट की पूर्व अध्यक्ष मुक्ता सोनी रहीं, जबकि अध्यक्षता समिति अध्यक्ष गुलाबबाई सेन ने की। विशिष्ट अतिथि क रूप में प्रधानाध्यापिका रिचा अग्रवाल, वन्दना कुशवाहा, नीलम कुशवाहा, संध्या रमपुरिया, सुषमा रमपुरिया, लीला ग्वाला, सीता ग्वाला, शान्तिबाई रहीं। मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत मुक्ता सोनी ने कहा कि दुनिया में माँ से बढ़कर कोई नहीं है। माँ का जीवन में बहुत महत्व है। माँ के बिना जीवन अधूरा है। माँ का हमेशा सम्मान करें। मां का हमेशा आदर करें। जिससे पीढ़ी में नये संस्कारों का संचय हो। विशिष्ट अतिथि रिचा अग्रवाल ने कहा कि दुनिया में मां का महत्व कम हो ऐसा हो नहीं सकता, क्योंकि सृष्टि के संचार में मां की बड़ी भूमिका होती है। मां सम्मानीय, मां पूज्यनीय, मां वन्दनीय है। मां के आंचल में दुनिया का हर वो सुख-दुख समा जाता है, जिसे मां के आशीर्वाद से मिलता है। अध्यक्षता कर रहीं समिति अध्यक्ष गुलाबबाई सेन ने कहा कि मां बिना व्यक्ति का जीवन अधूरा है। मां के आशीर्वाद से व्यक्ति विश्व के हर चोटी का सम्मान पाता है और हर मुसीबत में मां का साया हमेशा साथ रहता है। मां अपने जीवन में दुखों का पहाड़ झेल लेती है, पर बच्चों को कभी दुखी नहीं होने देती है। इसलिए मां का सम्मान करें। इसके अलावा मोहिनी जैन, उर्मिला साहू, नीलिमा तिवारी, लवी, आर्शी, प्रियंका सेन, नीलम कुशवाहा आदि के अलावा इंजी. शिवमोहन रिछारिया, ओमप्रकाश राय, जिला पंचायत सदस्य अमर विश्वकर्मा, आप जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड., रिटा.रेलवे श्रीराम सेन, वरिष्ठ पत्रकार घनश्यामदास सेन ने भी संबोधित किया। आयोजन में समिति सचिव गीता सेन ने कहा कि अपनी मां का हर कदम पर सम्मान करना चाहिए, जिससे उन्हें कभी अपने अकेलेपन का एहसास न हो और मां का साया साथ रहता है तो हर मुसीबत से निकलने का एक मार्ग है। उनके द्वारा स्थापित संस्कार व्यक्ति का जीवन महत्व पूर्ण और विकासशील व्यक्तित्व वन कर समाज का नाम रौशन करता है।

इस अवसर पर मीरा साहू, वन्दना कुशवाहा, नीलम कुशवाहा, अंजू विश्वकर्मा, चन्दन, रश्मि राजा, अर्चना पाल, रामसखी, कुंवरबाई, गुड्डी झा, किरन, कोमल देवी, गीता देवी, ममता देवी, राजकुमारी सिंह, रजनी तिवारी, सुधादेवी परिहार, प्रभादेवी, कुसुम अहिरवार, सपना राय, सविता निरंजन, रेखा विश्वकर्मा, विजय रानी निरंजन, कुसुम नामदेव, मालती पाल, रिषि लोधी, किसनादेवी वंशकार, जसोदा बाई अहिरवार, जयन्ती लोधी, वंदना सीरौठिया, कमलेश साहू, राजेश्वरी जायसवाल, कल्पना राय, प्रियंका राजा, शशि शुक्ला, बबीता शुक्ला, सरोज सोनी, गीता सिंह, निशा वर्मा, गीता वर्मा, सुमन प्रजापति, इन्द्रा सेन, रेखा सेन, रामदेवी सेन, डोली सेन, प्राची सेन, लीला सेन, ममता सेन, रौशनी झां सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं। संचालन राखी चौरसिया ने व आभार समिति सचिव गीता सेन ने व्यक्त किया।

# छोटे गैंग बनाकर युवाओं को निशाना बना रहे अपराधी

## दस हजार की वसूली में युवक से की बेरहमी से मारपीट

## सोशल मीडिया पर अपराधी बना रहे खुद को गैंगस्टर

## प्रशासन की चुप्पी से दहशत में जनता

**ललितपुर।** शहर में अपराध की बढ़ती घटनाओं ने एक बार फिर पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। मोहल्ला चांदमारी निवासी गजराज सिंह के पुत्र सौरभ कुमार के साथ हुई बर्बरता ने न केवल आमजन को झकझोर कर रख दिया है, बल्कि यह भी उजागर किया है कि किस प्रकार छोटे-छोटे आपराधिक गिरोह अब संगठित होकर युवाओं को निशाना बना रहे हैं और खुद को सोशल मीडिया पर गैंगस्टर की तरह पेश कर रहे हैं।

घटना 10 मई की शाम की है जब सौरभ कुमार जिला अस्पताल के सामने समोसे की दुकान से समोसे पैक करा रहा था। तभी कसाई मंडी निवासी मोहसिन कुरैशी पुत्र सलीम कुरैशी, झांसीपुरा निवासी सूरज उर्फ फुल्ला अहिरवार और उनके दो-तीन साथी वहां पहुंचे। आरोप है कि इन लोगों ने सौरभ को जबरन मोटरसाइकिल पर बैठाकर एक सुनसान जगह ले गए, जहां दस हजार रुपये की अवैध मांग की गई। इंकार करने पर सौरभ को बेल्ट और बेसबॉल बैट से बेरहमी से पीटा गया। पीड़ित के पिता गजराज सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने सौरभ के शरीर पर कई गंभीर चोटें पहुंचाई। सूरज अहिरवार ने एक व्यक्ति सुमित अग्रवाल को कॉल कर जानकारी दी कि वे सौरभ की पिटाई कर रहे हैं। जब सुमित ने उन्हें ऐसा न करने की सलाह दी तो आरोपियों ने और भी हिंसक होकर सौरभ को जमीन पर पटककर पीटा, जिससे वह बेहोश हो गया। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए सौरभ को वहीं छोड़कर भाग निकले। होश में आने पर सौरभ ने अपने परिजनों को फोन कर घटना की जानकारी दी। इसके बाद गजराज सिंह की पत्नी कमला देवी ने भी कोतवाली में एक अलग शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि रात करीब 9 बजे उनके बेटे के मोबाइल पर मोहसिन का फोन आया, जिसे उन्होंने उठाया। फोन पर मोहसिन ने गाली गलौज करते हुए उनके बेटे को जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने गजराज सिंह की तहरीर पर बीएनएस की धारा 127 (2), 119 (1), 115 (2), 351 (3) तथा कमला देवी की तहरीर पर बीएनएस की धारा 352, 351 (3) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**प्रशासनिक निष्क्रियता से उभर रही गली गैंगस्टर की संस्कृति**

घटनाएं यहीं नहीं रुक रहीं। ललितपुर समेत आसपास के शहरी क्षेत्रों में अब यह देखने में आ रहा है कि छोटी-छोटी गैंग बनाकर कुछ युवा सोशल मीडिया पर मारपीट के वीडियो डालकर खुद को गैंगस्टर बताने मेंह्य लगे हैं। ये वीडियो खुलेआम वायरल किए जा रहे हैं, जिनमें अपराध को महिमा मंडित किया जा रहा है। इनका मकसद डर फैलाना, और खुद की छवि अपराध जगत में जमाना लगता है।

**जनता में डर का माहौल**

घटना के बाद मोहल्ले में भय और गुस्से का माहौल है। आम नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे अपराधियों के खिलाफ त्वरित और कठोर कार्रवाई की जाए। अभिभावकों का कहना है कि बच्चों को अकेले बाहर भेजने में अब डर लगता है। समाजशास्त्रियों और कानून विशेषज्ञों का कहना है कि अपराधियों का इस प्रकार सोशल मीडिया पर सक्रिय होना न केवल कानून व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा है, बल्कि युवाओं पर इसका गहरा मनोवैज्ञानिक प्रभाव भी पड़ता है।

**जनता ने उठायी मांग**

अपराधियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एन.एस.ए.) जैसी कठोर धाराएं लगाई जाएं। सोशल मीडिया पर आपराधिक वीडियो और कंटेंट साझा करने वालों पर साइबर सेल सख्त कार्रवाई करे। शहर में रात्रि गश्त बढ़ाई जाए और संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी सीसीटीवी कैमरों से की जाए। युवाओं को नशे और अपराध की ओर ले जाने वाले तत्वों पर रोक लगे।

## संक्षिप्त समाचार

### खेत में घुसी भैंसों को भगाने पर महिला से मारपीट

**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम मैनवार निवासी मोनू ढीमर पुत्र बूठे ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 6 मई की रात करीब 8 बजे उसकी पत्नी सीता अपने खेत पर मूंग फसल की रखवाली कर रही थी। तभी गांव की 3 से 4 नग भैंसे खेत में घुस आयीं। जब उसकी पत्नी ने भैंसों को भगाया तो गांव के नन्हें राजा, सौरभ व ध्रुव पुत्रगण नन्हें राजा ठाकुर ने अपने एक अज्ञात साथी के साथ उनके साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी। बचाव करने पहुंचे उसके साथ भी उक्त लोगों ने मारपीट कर दी। आरोप है कि उक्त लोगों ने उन्हें धमकाते हुये कहा कि वह गांव में खेती नहीं कर पायेंगे। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### अकेली महिला से अभद्रता कर मारपीट

**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम महरौनीखुर्द निवासी नर्वदा पत्नी दीपचंद्र लोधी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 2 मई को रात करीब 1 बजे जब वह घर में अकेली थी। तभी गांव के नत्थू पुत्र चैना, हल्काई पुत्र मुन्ना, प्रभुदयाल पुत्र हल्काई एकराय होकर आये और उसके साथ अभद्रता करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट कर दी और सिर में मार दिया, जिससे उसका सिर फट गया। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसे गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### ससुरालियों ने बहू को पीटा, किया घर से बेदखल

**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम बुढ़वार निवासी प्रियंका पत्नी सतेन्द्र झा ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 3 मई 2025 को रात करीब 8 बजे देवर पुष्पेन्द्र झां व सास प्रभा, ससुर शिवकुमार एकराय होकर आये और गालियां देते हुये लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी। आरोप लगाया कि उक्त लोगों ने शराब के नशे में धुत्त होकर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने बताया कि उसे व उसक पिता को घर से बाहर निकाल दिया और गालियां देते हुये धमकाया। आरोप है कि देवर पुष्पेन्द्र ने शराब के नशे में उसका मोबाइल फोन तोड़ दिया। इसके अलावा ससुराल पक्ष ने पूरा जेवर रख लिया और पिका ने कैमरा लेने के लिए लिये दिये गये रुपये भी रख लिये, जिससे वह काफी परेशान है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 85, 352, 351 (3), 324 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### गेंहू खरीद करते समय व्यापारी पर हमला

**ललितपुर।** इलाइट चौराहा के पास जैन मंदिर हरदीला निवासी नीतेश कुमार जैन पुत्र नरेशचंद्र जैन ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 9 मई को वह प्रतिदिन की भांति गल्ला मण्डी में गेंहू खरीद का कार्य कर रहा था। सुबह करीब 11.15 बजे माल खरीदते समय महरौनी व हाल पीताम्बरा हॉस्पिटल के पास निवासी सिद्धार्थ जैन पुत्र वीरेन्द्र जैन, देवगढ़ रोड ओवरब्रिज के नीचे निवासी अमन जैन पुत्र अरविन्द जैन, जगदीश मंदिर के पीछे निवासी राहुल जैन पुत्र अशोक कुमार जैन अपने दो अज्ञात साथियों के साथ आये और उस पर हमला कर दिया। बताया कि उसके साथ मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी गयी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191 (2), 115 (2), 131, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### वीडियोग्राफी करने गये युवक का ड्रोन कैमरा तोड़ा

**ललितपुर।** पास के गांव कल्यानपुरा निवासी तिलक सिंह पुत्र प्रभुदयाल लोधी ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 8 मई को वह थाना जखौरा के ग्राम सीरोंनकलां में अभिषेक पुत्र ज्ञानी लोधी की शादी में वीडियोग्राफी करने के लिए बारात में शामिल होकर ग्राम बरौदा स्वामी गया हुआ था। यहां 9 मई की रात करीब 12.30 बजे वह बारात में खाना कार्यक्रम की वीडियोग्राफी कर रहा था। तभी झांसी के ग्राम रक्सा निवासी बादाम सिंह व निहाल पुत्रगण चरन सिंह, चरन सिंह पुत्र रामसेवक लोधी व सचिन लोधी एकराय होकर आये, जो कि दूल्हे के रिश्तेदार बताये जाते हैं ने गालियां देना शुरू कर दिया। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट कर दी और ड्रोन कैमरा को तोड़कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 351 (3), 352, 324 (4) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### खेत जोतने से मना करते हुये मारपीट

**भाई, बहू व भतीजों पर दर्ज कराया मामला**

ललितपुर। थाना पूराकलां क्षेत्रांतर्गत ग्राम भुचेरा निवासी भैयालाल पुत्र जसरथ साहू ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि रविवार की सुबह करीब 10 बजे वह गांव में अपनी पैतृक जमीन पर ट्रैक्टर से जुताई कर रहा था। तभी उसका भाई केशवदास, भतीजा धर्मेंद्र व रविन्द्र पुत्रगण केशवदास, बहू अनीता एकराय होकर आये और खेत जोतने से मना करते हुये गालियां देने लगे। मना करने पर उक्त लोगों ने लात-घूसों व कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। बताया कि उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये मोटर साइकिल क्षतिग्रस्त करते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 118 (1), 115 (2), 352, 351 (3), 324 (4) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

# भक्त प्रहलाद की रक्षा को भगवान ने लिया था नृसिंह अवतार : गंगादास महाराज

## श्रीलक्ष्मी नृसिंह मन्दिर में श्रद्धा भाव से हुआ भगवान का महाअभिषेक



**ललितपुर।** मोहल्ला तालाबपुरा में स्थित श्रीलक्ष्मी नृसिंह मन्दिर में परम पूज्य गंगादास महाराज के पावन सानिध्य में रविवार को दोपहर 12 बजे लक्ष्मी नृसिंह भगवान का महाभिषेक किया गया एवं 1 हजार कमल पुष्पों से भगवान का सहस्त्रार्जन अगाध श्रद्धा एवं हर्षोल्लास से मनाया गया। इस मौके पर दिव्य उत्सव मनाया गया, जिसमें सभी संतों एवं हरि भक्तों ने भगवान के दर्शन कर धर्म लाभ लिया। श्रीलक्ष्मी नृसिंह मन्दिर के महंत गंगाादासजी महाराज ने एक धर्मसभा को संबोधित करते हुये कहा कि वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी को स्वाति नक्षत्र में सोमवार के दिन भक्तराज श्रीप्रहलादजी महाराज की रक्षा करने के लिए एवं अपने भक्त प्रहलाद को अभय प्रदान करने के लिए श्रीनृसिंह भगवान अवतार हुआ था। आस्तिक भक्तों को भगवान का आमतौर पर दर्शन सुलभ हो जाता है पर श्रीप्रहलादजी महाराज ने घोर नास्तिक को श्रीनृसिंह भगवान का दर्शन कराया। यह एक विशेष बात है। नृसिंह भगवान की उपासना करने से कोई भी घर में बाधा नहीं आती है और न ही नकारात्मक ऊर्जा प्रवेश करती है। इसलिए प्रत्येक मनुष्य को भगवान नृसिंह का प्रतिदिन पूजन अवश्य करना चाहिए। नृसिंह भगवान का अवतार दोपहर 12 बजे अभिजीत मुहूर्त में हुआ था और सायं काल हिरणकश्यप को एक-एक वरदान याद करा कर भगवान ने उद्धार किया था। प्रहलाद ने भगवान की स्तुति करके भगवान को प्रसन्न किया एवं भगवान ने प्रहलाद महाराज को अभय प्रदान किया। इस मौके पर अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

# अकेली महिला को बंधक बनाकर पड़ौसियों ने पीटा

## नाबालिग पुत्रियों को अश्लील इशारे करने व अपहरण का भी आरोप

## पीड़िता की तहरीर पर पांच पुरुष व छह महिलाओं पर एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** शहर के पॉश इलाके में रहने वाली महिला ने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र सौंपा है। बताया कि कुछ दिनों पहले उसने पड़ौस के कुछ लोगों पर एनसीआर दर्ज करायी थी, जिससे उक्त लोग रंजिश मानते हुये बीती 7 मई को रात करीब 9 बजे उसके घर जब वह बच्चों के साथ बैठी थी। तभी अखिलेश, अरूण व सुनील पुत्र संतोष रैकवार, नानू पुत्र विजय, शिवानी ताम्रकार पत्नी संजय, सोनू पुत्र आशाराम, राधा पत्नी आशाराम, पूजा पत्नी रमेश कुमार, सुनीता पत्नी अजय, रजनी पत्नी भगवानदास, रूपा पत्नी संतोष रैकवार आदि हाथों में बड़ी गिट्टी के पत्थर लेकर दरबाजे के सामने आकर गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी देने लगे।

पीड़िता का आरोप है कि उक्त लोगों ने घर का दरबाजा व अन्य सामान पत्थरों से तोड़ दिया और उसे धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया। लात-घूसों से मारपीट करते हुये कहा कि यदि कार्यवाही बंद नहीं की तो जान से मारकर फेंक देंगे। पीड़िता ने तत्काल डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस के सामने ही उक्त लोग गालियां देते रहे और उसकी नाबालिग पुत्रियों को अश्लील इशारे व अपहरण कराने की धमकी देते रहे। पीड़िता ने बताया कि वह अकेली महिला है। पीड़िता ने अंदेशा व्यक्त किया कि उक्त लोग उसकी हत्या भी करा सकते हैं। पीड़िता ने पुलिस से मारपीट के दौरान आयीं चोटों का चिकित्सीय परीक्षण कराया जाकर, बंधक बनाकर स्त्री लज्जा भंग करने की कोशिश के मामले में सख्त कार्यवाही की गुहार लगायी है। कोतवाली पुलिस ने महिला की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 333, 191 (2), 352, 351 (3), 324 (2), 115 (2) व 74 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# भगवान बुद्ध के विचार आज भी प्रासंगिक : नेपाल सिंह



## सपाईयों ने जिला कार्यालय पर मनाई भगवान बुद्ध जी की जयंती, अर्पित किए पुष्प

**ललितपुर।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में भगवान बुद्धजी की जयंती जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में मनाई गई। इस अवसर पर बुद्ध के चित्र पर सपाईयों ने पुष्प अर्पित किए। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने उनके उपदेशों को बताते हुए कहा कि आज के इस आधुनिक युग में पूरे विश्व को शांति और उदारता की जरूरत है। जो भगवान बुद्ध के बताये मार्ग पर चलकर ही मिल सकती है, बुद्ध की देशना एवं संदेश से ही मानवता की भलाई की जा सकती है। बुद्धजी के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने आगे कहा कि मानवता की भलाई बुद्ध के संदेश को अपना कर ही की जा सकती है।

बुद्ध का दर्शन वैज्ञानिक दर्शन है। भगवान बुद्ध कल भी प्रासंगिक थे, आज भी प्रासंगिक हैं और कल भी रहेंगे। इस मौके पर डा.शिशुपाल सिंह लोधी, राजेश यादव जय गुरुदेव, अरशद मंसूरी, हरीसिंह यादव, प्रमोद कुशवाहा, आकिब मंसूरी, राजेश झा, गौरव विश्वकर्मा, चरन सिंह, शहरोज खान, ओमप्रकाश कुशवाहा, राजेश कुशवाहा, सचिन सोलंकी, मोनू यादव, कप्तान यादव, जिला मीडिया प्रभारी राममूर्ति तिवारी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में जल संसाधन विभाग की कार्यों की समीक्षा की

**रायपुर,कासं.।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में जल संसाधन विभाग की कार्यों की गहन समीक्षा की, जिसका उद्देश्य प्रदेश के सिंचाई ढांचे को सशक्त बनाना था। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की मौजूदा सिंचाई परियोजनाओं के रखरखाव और मरम्मत पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को नियमित रूप से फील्ड विजिट करने के निर्देश दिए और जल अपव्यय को रोकने तथा कृषि कार्यों में जल का अधिक से अधिक उपयोग सुनिश्चित करने को कहा। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी बांधों की जल भराव क्षमता, वर्तमान सिंचाई स्थिति और आगामी परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि नहरों के माध्यम से जल परिवहन में होने वाली हानि को कम करने के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग आवश्यक है। जल उपयोग की दक्षता बढ़ाने के लिए अंडरग्राउंड पाइपलाइन व्यवस्था लागू करने की योजना तैयार करने के निर्देश भी दिए।

साथ ही, सिंचाई योजनाओं में रूपांकित और वास्तविक क्षमता के बीच अंतर को घटाने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने को कहा। मुख्यमंत्री ने बस्तर और सरगुजा संभाग में लंबित सिंचाई योजनाओं को शीघ्र पूरा करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्माणाधीन बड़ी परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए कहा, ताकि किसानों को समय से योजनाओं का लाभ मिल सके। इसके अलावा, उन्होंने भारत सरकार से वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए आवश्यक प्रस्ताव शीघ्र तैयार करने को भी कहा। मुख्यमंत्री ने राज्य के 26 विकासखंडों में क्रिटिकल और सेमी क्रिटिकल घोषित भू-जल क्षेत्रों में परियोजनाओं के निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।

# पड़ौसी राज्य ले जायी जा रही देशी शराब पकड़ी

**ललितपुर।** बानपुर थाना में तैनात उप निरीक्षक मनोज कुमार सिंह को महत्वपूर्ण सफलता हांसिल हुयी है। पुलिस ने चैकिंग के दौरान पड़ौसी राज्य ले जायी जा रही देशी शराब को बरामद किया है। शराब के साथ दो व्यक्ति भी पकड़े गये हैं। बताया कि उ.नि.मनोज कुमार सिंह अपने साथ उप निरीक्षक सर्वेश सिंह के साथ गश्त कर रहे थे। तभी उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग बानपुर की ओर मोटर साइकिल से शराब लेकर आ रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने वाहन चैकिंग शुरू कर दिया। कुछ समय पश्चात सुनवाहा की ओर से उदया गांव होकर बानपुर आ रही मोटर साइकिल संख्या एम.पी.36 एम.टी. 6319 एचडी डीलक्स को पकड़ लिया।

# 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को राजभवन में किया गया सम्मानित

**रायपुर, कासं.।** छत्तीसगढ़ बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रायपुर जिले के होनहार विद्यार्थियों को आज एक गरिमामय समारोह में राजभवन में सम्मानित किया गया। राज्यपाल रमेन डेका ने टॉपर्स को बधाई देते हुए उन्हें मेडल, स्मृति चिन्ह और 5,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की।

इस अवसर पर राज्यपाल ने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, परिश्रम और समर्पण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ योग, ध्यान और खेलों को भी जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। साथ ही माता-पिता और शिक्षकों का सम्मान करना और मानवीय मूल्यों को अपनाना जरूरी है। कार्यक्रम में विधायक पुरंदर मिश्रा भी मौजूद रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा ही आपके उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है, इससे न केवल आपका बल्कि पूरे प्रदेश का नाम रोशन होगा।

राज्यपाल रमेन डेका ने कक्षा 10वीं के टॉपर्स कुमारी साई संजना, नमन कुमार ठाकुर, केतन साहू, कुमारी खुशबू सेन, कुमारी पूर्वी साहू, महक, राम सोनी, कुमारी नेहा चक्रधारी, कुमारी काव्या वर्मा, कुमारी दिव्या तिवारी और चित्रांश देवांगन को सम्मानित किया। वहीं, 12वीं बोर्ड परीक्षा में मेरिट सूची में स्थान पाने वाली कुमारी पल्लवी वर्मा, कुमारी रूचिका साहू, कुमारी कीर्ति यादव, कुमारी रूची कल्यानी और कुमारी भूमिका देवांगन को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

# चोरी के मामले में एक नाबालिग सहित तीन गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी की थाना मुजगहन क्षेत्रांतर्गत चोरी की घटना को अंजाम देने वाले एक नाबालिग सहित तीन चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है तथा आरोपियों से एक दोपहिया वाहन एवं मोबाईल फोन जप्त किया गया है।मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया रेशमा बंजारे ने थाना मुजगहन में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह डोमा में रहती है तथा दिनांक 06.04.2025 को प्रार्थिया अपने परिवार के साथ अपनी दोपहिया वाहन को घर के अंदर बरामदा में खड़ी कर सोने चली गई थी।

# भगवान श्री कृष्ण सुदामा की मित्रता स्थली नारायण धाम में आज निकाला विशाल ध्वज चल समारोह

**उज्जैन।** जिले की महिद्पुर तहसील स्थित नारायण धाम में आज बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भव्य ध्वज चल समारोह निकाला। उत्सव समिति के सदस्य ने बताया कि आज के ध्वज चल समारोह का सौभाग्य श्री जय सांखला पिताश्री शांतिलाल जी सांखला निवासी उज्जैन पिपली नाका को मिला। नारायण धाम में निकल चल समारोह में बैंड ढोल ताशे दल इत्यादि शामिल थे। चल समझ में श्रद्धालु जन नाचते गाते चल रहे थे। चल समारोह के पश्चात ध्वज रोहन किया गया और भोजन प्रसादी का भंडारा शुरू हुआ। इसी अवसर पर छप्पन भोग भी लगाया गया। इस अवसर पर उज्जैन नगर पालिक निगम के पूर्व अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री सोनू गहलोत भी शामिल हुए।



